हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमरीका और ईरान के बीच लगभग 21 घंटे तक चली वार्ता, बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत में कोई समझौता नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि मुख्य मतभेद, ईरान से परमाणु हथियार न बनाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर है। श्री वेन्स ने कहा कि अमरीका ने ईरान के समक्ष अंतिम प्रस्ताव रखा है और अब ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि उर्वरक संयंत्रों को आवंटित कुल गैस की मात्रा में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इससे यह छह महीने की औसत खपत के लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

मंत्रालय ने कहा है कि घरेलू गैस की आपूर्ति भी सामान्य है।मार्च से अब तक लगभग चार लाख 15 हजार पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जबकि लगभग चार लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है।

मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए देश भर में कार्रवाई जारी है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने डीजल पर निर्यात शुल्क साढ़े 21 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर साढ़े 55 रुपये कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि विमानन ईंधन पर भी निर्यात शुल्क साढ़े 29 रुपये से बढ़ाकर 42 रुपये कर दिया गया है।

वहीं, पेट्रोल पर निर्यात शुल्क शून्य रहेगा।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा पश्चिम एशिया क्षेत्र में संचालित भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी

पोत जग विक्रम ने कल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। इसमें 24 नाविक सवार और यह लगभग 20 हजार चार सौ मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा हैं। इसके 15 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की संभावना है।

---

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने कल जनगणना गतिविधियों से संबंधित एक कैलेंडर जारी किया।हरियाणा जनगणना एवं नागरिक पंजीकरण निदेशक ललित जैन ने बताया कि उन्होंने इस दौरान राज्यपाल को जनगणना 2027 से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

हरियाणा राज्य में स्व-गणना की सुविधा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगी। सभी नागरिक मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे स्व गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इसके पश्चात, 1 मई से 30 मई 2026 तक पूरे राज्य में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत प्रगणक प्रत्येक घर का दौरा करेंगे।

इस मौके पर राज्यपाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे स्व-गणना में अधिक से अधिक भागीदारी करें क्योंकि यह अत्यंत सुविधाजनक एवं सुगम है। इससे समय और संसाधनों की बचत भी होगी।

---

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच के चलते महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने का विधेयक पारित होने जा रहा है।इससे पहले महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के नाम पर केवल बातें होती रही, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसको वास्तविक स्वरूप दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं सशक्त होंगी जो देश की आबादी का 50 प्रतिशत हैं। महिलाओं के नेतृत्व में समाज और अधिक समृद्ध तथा खुशहाल होगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री भिवानी में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना एक ऐतिहासिक कदम है। इससे समाज में बड़ा ही सकारात्मक क्रांतिकारी बदलाव आएगा।उन्होंने कहा कि विपक्ष को भी इस बिल का समर्थन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक तरह की योजनाएं लागू की हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से न केवल देश में लिंगानुपात में रचनात्मक सुधार हुआ है बल्कि समाज में भी महिलाओं को उचित स्थान मिल रहा है। आज महिलाएं पंचायत से लेकर लोकसभा तक जनता का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

---

भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं हरियाणा महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सुमन ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक है, जो महिलाओं को 'नीति की लाभार्थी' से 'नीति की निर्माता' बनने की दिशा में सशक्त करेगा। वह कल रोहतक में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं।

सुश्री प्रतिभा सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम केवल एक संवैधानिक संशोधन नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण अब केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है। उन्होंने वैश्विक शोध का हवाला देते हुए कहा कि यदि लैंगिक असमानता को कम किया जाए तो विश्व अर्थव्यवस्था में लगभग 7 ट्रिलियन डॉलर की वृद्धि संभव है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का दृष्टिकोण 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला नेतृत्व वाले विकास' का है।

---